>

Title: Need to open a Kendriya Vidyalaya in Supaul Parliamentary Constituency of Bihar.

श्री विश्व मोहन कुमार (सुपौल):माननीय सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से मानव संसाधन विकास मंत्री जी का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र सुपौल की जनहित समस्या की ओर आकृष्ट करते हुए कहना चाहता हूँ कि मेरा संसदीय क्षेत्र नेपाल की सीमा से सटा हुआ है। यहां पर कोई भी अच्छा विद्यालय नहीं है। यहां पर अभी तक केंद्रीय विद्यालय की स्थापना नहीं हो पाई है। इस विषय को मैंने पूर्व में नियम 377 के माध्यम से उठाते हुए माननीय मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट किया था। लेकिन अभी तक कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया है। महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र में भारत सरकार के कई उपक्रम के साथ-साथ कई कैंप भी हैं। सीमा एरिया होने के कारण बेहतर शिक्षा हेतु कोई शिक्षण संस्थान नहीं हैं। केंद्रीय विद्याय में नामांकन हेतु नियम के तहत हमें दो विद्यालयों का कूपन मिलता है, जिसका उपयोग भी हम लोग नहीं कर पाते हैं। यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। अतः मैं पुनः आपके माध्यम से मंत्री जी से मांग करना चाहता हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र सुपौल में एक केंद्रीय विद्यालय की स्थापना की जाए।